MS – 112

II Semester B.Com. Examination, May 2016
(CBCS) (F+R) (2014-2015 and Onwards)
HINDI LANGUAGE – II
Poetry, Vanijya Patra and Translation (Terminology)

Time : 3 Hours Max. Marks : 70

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक शब्द** या **वाक्य** में लिखिए। **(10×1=10)**

1) हनुमान को किसके वचन सुहाते हैं ?

2) पगली ज़ुबान के कारण जूती किसे खानी पड़ती है ?

3) हलों की नोकों से धरती पर कौन लिख रहे हैं ?

4) 'मैं बीन भी हूँ, मैं तुम्हारी रागिनी भी हूँ' कविता के रचनाकार का नाम क्या है ?

5) दिनकरजी ने चट्टानों की छाती से क्या निकालने के लिए कहा है ?

6) रावण का पुतला सदियों से स्वाहा होने पर भी देश में निरंतर क्या पल रहा है ?

7) गौतमी–गीता में जन्म के साथ क्या अनिवार्य कहा गया है ?

8) जग में न्याय के साथ क्या जागा है ?

9) वसुधा की एक झलक पाने के लिए कौन ललक रहा है ?

10) उत्तम स्वभाव के व्यक्ति पर किस संगति का प्रभाव नहीं पड़ता है ?

II. अ) संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **(1×6=6)**

सोई छल हनुमान कहँ कीन्हा।
तासु कपट कपि तुरतहिं चीन्हा।।
ताहि मारी मारुतसुत वीरा।
वारिधि पार गयउ मतिधीरा।।

अथवा

कदली, सीप, भुजंग मुख, स्वाति एक गुन तीन।
जैसी संगति बैठिए, तैसोई फल दीन।।

P.T.O.

आ) आँधियाँ नहीं जिसमें उमंग भरती है। (1×6=6)

छातियाँ जहाँ संगीनों से डरती हैं,

शोणित के बदले, जहाँ अश्रु बहता है,

वह देश कभी स्वाधीन नहीं रहता है।

अथवा

जब संघर्षों का क्षेत्र बना,

संग्राम छिडा, संहार बढ़ा,

कोई जीता कोई हारा,

मरता कटता संसार बढ़ा।

III. किसी **एक** कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताएँ बताइए। (1×12=12)

1) शिल्पी।

2) मैं बीन भी हूँ, मैं तुम्हारी रागिनी भी हूँ।

IV. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए। (1×6=6)

1) निसिचरी वध प्रसंग।

2) गौतमी–गीता।

V. पत्र लिखिए (कोई **दो**)। (2×10=20)

1) रूपाभ पुस्तक मंदिर, एविन्यू रोड़ बेंगलूरु–1 की ओर से, सर्वश्री नीरजा प्रकाशन, कबीर चौरा, वाराणसी–1 को पुस्तकों के लिए अधिक मूल्य लगाए जाने का शिकायती पत्र लिखिए।

2) प्रेरणा मोटार्स, जे.सी. रोड़ बेंगलूरु–1 की ओर से होण्डा मोटार्स, शिवाजी मार्ग, मुंबई को अपने क्षेत्र के लिए होण्डा मोटार कार की एजेन्सी हेतु एक पत्र लिखिए।

3) कंचना टेक्सटाइल्स, कमर्शियल स्ट्रीट, बेंगलूरु–1 की ओर से, व्यवस्थापक, रिलायन्स इन्शोरेन्स लिमिटेड, ब्रिगेड़ रोड़ बेंगलूरु–2 को उपर्युक्त प्रतिष्ठान के लिए अग्नि–बीमा करवाने हेतु आवश्यक जानकारी भिजवाने का अनुरोध करते हुए एक पत्र लिखिए।

VI. हिन्दी में अनुवाद कीजिए। (10×1=10)

1) Absolute
2) Bogus
3) Channel
4) Deny
5) False
6) Inactive
7) Indicator
8) Net
9) Parallel
10) Quit.